सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२
सत्र: 2026-27

कक्षा:-7 विषय: हिंदी- व्याकरण पाठ: कारक

कार्यपत्रिका

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

* कारक की परिभाषा लिखिए।

* कारक के कितने भेद होते हैं? सभी के नाम लिखिए।

* करण कारक और अपादान कारक में अंतर उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में कारक पहचानिए।

* राम ने पत्र लिखा।

* माँ ने बच्चे को खाना दिया।

* सीता चाकू से फल काटती है।

* पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं।

* पिताजी मेरे लिए उपहार लाए।

* यह मोहन की पुस्तक है।

* विद्यार्थी कक्षा में पढ़ रहे हैं।

* हे भगवान! मेरी सहायता करो।

* शिक्षक ने छात्र को पुरस्कार दिया।

* पक्षी डाल पर बैठा है।

प्रश्न 3. रिक्त स्थानों में उचित कारक-चिह्न भरिए।

* मोहन _____ कहानी लिखी।

* रीना _____ पुस्तक दी गई।

* वह कलम _____ लिखता है।

* पेड़ _____ आम गिरा।

* यह घर राम _____ है।

* बच्चे मैदान _____ खेल रहे हैं।

* माँ _____ बाजार से फल लाए।

* _____ मित्र! मेरी बात सुनो।

प्रश्न 4. सही विकल्प चुनिए।

1\. कर्ता कारक का सामान्य चिह्न है—

* (क) को

* (ख) ने

* (ग) से

* (घ) में

2\. 'राम ने चाकू से फल काटा।' वाक्य में 'चाकू से' कौन-सा कारक है?

* (क) कर्म

* (ख) करण

* (ग) अपादान

* (घ) संबंध

3\. 'पेड़ से पत्ता गिरा।' वाक्य में 'पेड़ से' कौन-सा कारक है?

* (क) करण

* (ख) संप्रदान

* (ग) अपादान

* (घ) अधिकरण

4\. 'यह सीमा की पुस्तक है।' वाक्य में 'सीमा की' कौन-सा कारक है?

* (क) संबंध

* (ख) कर्म

* (ग) कर्ता

* (घ) संबोधन

5\. 'हे मित्र! इधर आओ।' वाक्य में कौन-सा कारक है?

* (क) अधिकरण

* (ख) संबोधन

* (ग) करण

* (घ) संप्रदान

प्रश्न 5. रेखांकित शब्दों का कारक बताइए।

* राधा ने गीत गाया।

* शिक्षक ने विद्यार्थी को बुलाया।

* वह बस से विद्यालय गया।

* दादी ने बच्चों के लिए मिठाई बनाई।

* राम का भाई डॉक्टर है।

* पुस्तक मेज पर रखी है।

* हे ईश्वर! सबकी रक्षा करो।

* गाँव से लोग शहर आए।

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में कारक-चिह्न लिखिए।

* किसान ने खेत जोता।

* मोहन को पुरस्कार मिला।

* वह चम्मच से खीर खाता है।

* सीमा की बहन दिल्ली में रहती है।

* सैनिकों के लिए भोजन भेजा गया।

प्रश्न 7. निर्देशानुसार वाक्य बनाइए।

* कर्ता कारक का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए।

* कर्म कारक का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए।

* करण कारक का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए।

* अपादान कारक का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए।

* अधिकरण कारक का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए।